# <u>कारगिल विजय दिवस</u>

शासकीय रानी सुर्यमुखी देवी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन एवं डॉ. राजेन्द्र शर्मा के निर्देशन में कारगिल विजय दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने समकालीन परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए आपरेशन विजय के कारण एवं परिणामों का उल्लेख किया। डॉ. शर्मा ने अपने उद्‌बोधन में शहीदो के शौर्य एवं साहस का स्मरण कर उनके परिवार के त्याग एवं बलिदान को अविस्मरणीय बताया एवं उपस्थित कैडेट्स को देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया। डॉ. एच.एस. भाटिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आपरेशन विजय से देशवासियों मे भारतीय सैनिको के अदम्य साहस से भारत के सदैव अखण्ड एवं सुरक्षित रहने का विश्वास सुदृढ़ हुआ। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाकर उनके बलिदान से देश पर सब कुछ न्यौछावर करने हेतु तैयार रहने की प्रेरणा ली गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर ए.के. गौर, श्री ए.के. रामटेके, एवं एन.सी.सी. कैडेट्स उपस्थित रहे।